उत्तराखंड को मिला 'मोस्ट फिल्म फ्रेंडली स्टेट (स्पेशल मेंशन)' पुरस्कार

चर्चा में क्यों?

22 जुलाई, 2022 को नई दिल्ली के नेशनल मीडिया सेंटर में 68वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार 2020 की घोषणा की गई। इसमें उत्तराखंड को 'मोस्ट फिल्म फ्रेंडली स्टेट (स्पेशल मेंशन)' पुरस्कार प्राप्त हुआ है।

प्रमुख बिंदु

- उत्तराखंड फिल्म विकास परिषद के नोडल अधिकारी के.एस. चौहान ने बताया कि अभी तक उत्तराखंड को बेस्ट फिल्म फ्रेंडली स्टेट के अंतर्गत तीन बार राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार प्राप्त हुआ है।
- गौरतलब है कि नेशनल फिल्म अवार्ड की इस कैटेगरी में 13 राज्यों ने सहभागिता की थी। मध्य प्रदेश को 'मोस्ट फिल्म फ्रेंडली स्टेट' का पुरस्कार मिला, जबकि उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश को 'मोस्ट फिल्म फ्रेंडली स्टेट (स्पेशल मेंशन)' का पुरस्कार दिया गया।
- के.एस. चौहान के अनुसार उत्तराखंड फिल्मकारों के लिये पसंदीदा शूटिंग डेस्टिनेशन बना हुआ है। फिल्मों व धारावाहिकों की शूटिंग के लिये अनुकूल माहौल यहाँ उपलब्ध है। उत्तराखंड की नैसर्गिक सुंदरता फिल्मकारों को यहाँ शूटिंग के लिये आकर्षित करती है।
- उत्तराखंड की फिल्म नीति से आकर्षित होकर पिछले पाँच वर्षों के दौरान ही छह सौ से अधिक फिल्मों व धारावाहिकों की यहाँ शूटिंग हो चुकी है। वर्ष 2015 से लेकर अब तक उत्तराखंड में शूटिंग के लिये कुल 784 फिल्म अनुमति प्रमाण-पत्र जारी किये गए हैं।
- उन्होंने कहा कि निकट भविष्य में उत्तराखंड शूटिंग के लिहाज से फिल्म हब बनने जा रहा है। इससे उत्तराखंड में रोज़गार के साधन बढ़ने के साथ-साथ पर्यटन के क्षेत्र में भी भारी वृद्धि हो रही है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/-most-film-friendly-state-special-mention-award